प्रेस नोट **_21/01/2025_**

जनपद मऊ के समस्त थानों पर आयोजित किया गया वादी दिवस-

आज दिनांक 21.01.2025 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित समस्त वादियों को नोटिस भेज कर प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को आयोजित वादी दिवस पर बुलाया गया था। इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारी द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित वादियों से वार्ता किया गया तथा समस्याओं को संज्ञान में लेकर मुकदमें से सम्बन्धित विवेचकगण को निष्पक्ष व त्वरित आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया ।

साथ ही साथ थानों पर पंजीकृत मुकदमा वादियों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण हेतु सर्वसंबंधित को निर्देशित किया गया।

पेटीएम के माध्यम में फ्रॉड की कुल धनराशि 28,000 रुपये थाना दक्षिणटोला साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना दक्षिणटोला साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए पेटीएम के माध्यम से पीडित शमीम अहमद नि0 डोमनपुरा गोलवा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ के कुल धनराशि 28,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना दक्षिणटोला के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया । साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध श्री राजीव कुमार, क0ऑ0 रविकांत सौंधिया, म0का0 प्रीति सिंह, का0 मुकेश भारती थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ।

साथ ही साथ थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा अन्जान व्यक्ति द्वारा वादी के खाते से निकाले 38752 रुपये पीडित नरेन्द्र चौरसिया पुत्र मदन चौरसिया निवासी कस्बा खास थाना घोसी जनपद मऊ के कुल धनराशि 38752 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराया गया।